

# मछली परिवार के पास नहीं मिले कागजात

## सालों से रईसों का बना था आना-जाना

- तीन मंजिला बनीं इस कोठी में 30 से ज्यादा थे कमरे
- पूरा निर्माण सरकारी जमीन पर ही किया गया था



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 अगस्त. शहर के हथाईखेड़ा में मछली परिवार की 3 दशक पहले यह कोठी बनी थी. तीन मंजिला बनीं इस कोठी में 30 से ज्यादा कमरे थे. इसके साथ ही कोठी में ही गैरेज, पार्क के साथ ही झूला घर भी बनाया गया था. पूरा निर्माण सरकारी जमीन पर ही किया गया था. जिसकी जानकारी भी अधिकांश लोगों को नहीं थी.**

स्थानीय लोगों के अनुसार इस कोठी पर कई रईसों का आना-जाना पहले से ही बना था. इलाके में बनी कोठी दूर से ही दिखाई पड़ती थी. जहां से मछली परिवार की गतिविधियां भी चलती थी, जिसकी भनक भी सालों तक किसी को नहीं थी. लव जिहाद और ड्रग्स के मामले का खुलासा होने के बाद से ही इस परिवार की परत दर परत खुलती गई.

मछली परिवार भी इस कोठी को बचाने के लिए सभी तरह को कोशिशें कर चुका था. कोर्ट में इस मामले में सुनवाई के दौरान परिवार ने कोई भी कोठी और जमीन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए थे. इससे पहले प्रशासन ने इस परिवार द्वारा संचालित फार्म हाउस, मुर्गी फार्म, कारखाना, मदरसा, वेयर हाउस सहित 100 करोड़ की जमीन को खाली कराया है.

### प्रशासन की अब तक की कार्रवाई

- शकील अहमद पिता शरीफ अहमद का फार्म हाउस खसरा नंबर 55 शासकीय भूमि में स्थित एवं संलग्न अतिक्रमित कृषि भूमि कुल 40 एकड़ वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य कुल 55 करोड़
- शारिक पिता शरीफ अहमद का वेयर हाउस 40000 वर्ग फिट पर वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता जिसकी अनुमानित बाजारू कीमत 10 करोड़
- शकील अहमद पिता शरीफ अहमद का सुमन फार्म शासकीय भूमि पर लगभग 2 एकड़ में वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता जिसकी अनुमानित बाजारू मूल्य लगभग 5 करोड़
- इरशाद अहमद पिता सरफराज मोहम्मद खान द्वारा कारखाना शासकीय भूमि 1 एकड़ में एवं संलग्न अतिक्रमण की गई 3 एकड़ शासकीय भूमि वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता जिसकी अनुमानित बाजारू मूल्य लगभग 10 करोड़
- अता उल रहमान पिता मुफ्ती रईस अहमद खान द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध मदरसा एवं अवैध दुकान निर्माण लगभग 1 एकड़ में वार्ड नंबर 62 अनंतपुरा कोकता जिसकी कुल अनुमानित बाजार मूल्य 5 करोड़
- शरीक पिता शरीफ अहमद द्वारा अवैध बकरा और मुर्गी फार्म 5 एकड़ शासकीय भूमि में एवं स्टोर रूम जिसकी अनुमानित बाजार मूल्य 8 करोड़
- शारिक अहमद उर्फ मछली ,सोहेल अहमद ,शफीक अहमद तीनों के पिता शरीफ अहमद तीन मंजिल कोठी शासकीय भूमि पर निवासी वार्ड नंबर 62, अनंतपुरा कोकता जिसके आसपास 1 एकड़ की भूमि से बाउंड्री और अवैध स्टोर रूम ,झूला को हटाया गया एवं अवैध मकान को शासन के अधिपत्य में लिया गया जिसकी कुल अनुमानित कीमत 10 करोड़

# चेक मीटर व स्मार्ट मीटर की रीडिंग बराबर निकली

- फायदेमंद है स्मार्ट मीटर, टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट

**भोपाल 21 अगस्त. मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की मांग पर लगाए गए चेक मीटर से स्मार्ट मीटर की तुलना की गई तो दोनों में रीडिंग सटीक तथा समान पाई गई.**

कंपनी ने बताया कि भोपाल के कुछ उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगाए गए थे. जांच करने पर स्मार्ट मीटर के साथ लगाए गए चेक मीटर की रीडिंग बराबर पाई गई.

गौरतलब है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की मांग पर स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगाने की व्यवस्था की गई है. 5 अगस्त को 6 उपभोक्ताओं के यहां चेक मीटर लगाए गए. एक सप्ताह बाद जांच करने पर दोनों मीटरों में समान तथा सटीक रीडिंग पाई गई. गौरतलब है कि भोपाल उत्तर विधायक आतिफ आरिफ अकील द्वारा कंपनी को एक पत्र लिखकर स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगाने की मांग की थी.

> कंपनी द्वारा जिन उपभोक्ताओं के यहां चेक मीटर लगाए गए थे उनमें सैयद मोहम्मद खालिद हाउस नंबर 74 गली नंबर 1, हारून हाउस नंबर 6 रोड बागमुंशी, हबीब हाउस नंबर 20 गली नंबर 3, अजीम मियां हाउस नंबर 4 गली नंबर 3, नावेद रफीक स्कूल और चांद बी, बागमुंशी हुसैन खान भोपाल के यहां स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर लगाए गए थे. कंपनी ने कहा है कि स्मार्ट मीटर से उपभोक्ताओं को अनेक फायदे हैं. जहां रियल टाइम डेटा प्राप्त किया जा रहा है. साथ ही दिन के टैरिफ में सुबह 9 बजे से 5 बजे तक कुल खपत पर 20 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है. स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए यह सभी छूट अथवा प्रोत्साहन की गणना सरकारी सब्सिडी को छोड़कर की जा रही है.

# ओडी कार चोरी करने वाला आरोपी धराया



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 अगस्त. एमपीनगर थाना पुलिस ने चोरी की गई एक ओडी कार के साथ वाहन चोर को भी गिरफ्तार किया है. गुरूवार को कार्रवाई करते हुए पुलिस ने करीबन 17 लाख रुपये कीमत की कार मायापुरी दिल्ली से बरामद किया.**

- दिल्ली पहुंच कर पुलिस ने किया बरामद

आरोपी गाडी खोलकर उसके पुर्जे बैचने की फिराक में था. जानकारी के अनुसार फरियादी रविकांत त्रिपाठी की ओडी कार की न्यायालय के पास से 28 जुलाई को चोरी की हो गई थी. जिसकी रिपोर्ट उन्होंने थाना एमपी नगर में दर्ज कराई थी. पुलिस कार की तलाश करते हुए घटना स्थल से दिल्ली तक आने जाने वाले रास्तो में करीबन हजारों कैमरे की फुटेज खंगाली. चारी गई कार को चोर सहित मायापुरी दिल्ली से चोर द्वारा गाडी को खोलकर गाडी के पुर्जे बैचने से पहले बरामद किया. आरोपी की पहचान रोशन अहिरवार उम्र 25 साल निवासी मायापुरी साउथ वेस्ट दिल्ली के रूप में की गई है.

# युवक की शर्मनाक करतूत, पशु क्रूरता का मामला दर्ज

**भोपाल, 21 अगस्त.** राजधानी में शर्मशार कर देने वाला पशु से क्रूरता का मामला सामने आया है. गांधी नगर थाना क्षेत्र के गोंदरमऊ में एक युवक द्वारा बकरी के साथ आपत्तिजनक कृत्य करते हुए पाया गया. बकरी के साथ की गई इस तरह की शर्मनाक हरकत से मालिक ने इसकी शिकायत थाने में की. पुलिस ने इस मामले में आरोपी कपिल के खिलाफ पशु क्रूरता का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार क्षेत्र में बिजली ऑफिस के पास युवक की हरकत को देखकर लोगों ने बकरी मालिक से शिकायत की.

## गणेशोत्सव के पहले सीएम का पर्यावरण हितैषी प्रतिमाओं के उपयोग का आह्वान

**भोपाल, 21 अगस्त.** आगामी 27 अगस्त से शुरु हो रहे 10 दिवसीय गणेशोत्सव के पहले मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश की जनता से इस पर्व के दौरान पर्यावरण हितैषी प्रतिमाओं के उपयोग का आह्वान किया है. डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि घर घर लोग गणेशोत्सव का आयोजन करते हैं, ऐसे में पर्यावरण हितैषी प्रतिमाओं के उपयोग के लिए सरकार और भारतीय जनता पार्टी दोनों काम कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि इस संबंध में पार्टी संगठन के साथ बैठकर भी योजना बनाई गई है. लोग पर्यावरण हितैषी जैसे मिट्टी और गोबर की प्रतिमा का उपयोग करें, इसे जन अभियान बनाने का निर्णय किया गया है.

# विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर वरिष्ठजनों का सम्मान



नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 21 अगस्त. रेलवे ने गुरुवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया. इस मौके पर मंडल रेल चिकित्सालय भोपाल में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

- मंडल रेल चिकित्सालय भोपाल में कार्यक्रम

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय डोगरा ने अस्पताल में आए वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत किया. इस दौरान लोगों को सम्मानित करते हुए उनके स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर बातचीत भी की गई.

> कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके जीवन को स्वस्थ, संतुलित और यथासंभव स्वतंत्र रूप से जीने के लिए प्रेरित करना रहा. इस दौरान डॉ. डोगरा ने वरिष्ठजनों को नियमित दिनचर्या, संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विशेष परामर्श भी प्रदान किया. इस अवसर पर सीनियर सिटीजन मित्र पहल से जुड़े नर्सिंग स्टाफ सहित मंडल रेल चिकित्सालय भोपाल का समस्त चिकित्सा दल मौजूद रहा. अस्पताल प्रशासन ने वरिष्ठजनों को आश्वस्त किया कि उनके स्वास्थ्य और सुविधा के लिए सभी आवश्यक सेवाएं प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराई जाएंगी.


सत्यमेव जयते भारत सरकार | भारतीय रेल INDIAN RAILWAYS | भा रा रा प्रा NHAI भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण

विकसित बंगाल विकसित भारत



पश्चिम बंगाल की जनता को लगभग ₹5,200 करोड़ की परियोजनाओं का उपहार

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
द्वारा

सियालदह-एस्प्लानेड सेक्शन (ग्रीन लाइन)
बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय सेक्शन (ऑरेंज लाइन)
नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर सेक्शन (येलो लाइन)
एवं
हावड़ा मेट्रो स्टेशन पर सबवे
का उद्घाटन

सियालदह-एस्प्लानेड (ग्रीन लाइन)
बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय (ऑरेंज लाइन)
नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर (येलो लाइन)
मेट्रो सेवा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

छह लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे, NH-12
का शिलान्यास

मुख्य विशेषताएं और लाभ
मेट्रो परियोजनाएं

ग्रीन लाइन (सियालदह-एस्प्लानेड)
लंबाई: 3 किमी | लागत: लगभग ₹1180 करोड़
- हावड़ा मैदान से साल्ट लेक सेक्टर V तक का अंतिम लिंक
- मेट्रो से हावड़ा और सियालदह तक का सफ़र 60 मिनट की जगह 11 मिनट में होगा पूरा
- बीबीडी बाग, एस्प्लेनेड और साल्ट लेक-न्यू टाउन में छात्रों और पेशेवरों के लिए बड़ी राहत

येलो लाइन (नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर)
लंबाई: 7 किमी | लागत: ₹1850 करोड़ से अधिक
- अब कोलकाता एयरपोर्ट सीधे मेट्रो नेटवर्क से जुड़ा
- हवाई अड्डे तक यात्रा का समय 1 घंटे से घटकर हुआ 30 मिनट
- दम दम कैंटोनमेंट में इंटरचेंज से शहर और उपनगरों तक आसान कनेक्टिविटी

ऑरेंज लाइन (बेलेघाटा– हेमंत मुखोपाध्याय )
लंबाई: 4 किमी | लागत: ₹875 करोड़
- न्यू गरिया से बेलेघाटा तक मोजूदा लाइन का विस्तार
- बेलेघाटा से कवि सुभाष तक की यात्रा अब केवल 23 मिनट में पूरी
- कोलकाता, उत्तर और दक्षिण 24 परगना जिलों के निवासियों को मिलेगा लाभ

हावड़ा स्टेशन पर नया सबवे
लागत: ₹50 करोड़ से अधिक
- मेट्रो और ईस्टर्न/साउथ-ईस्टर्न रेलवे के बीच सुविधापूर्ण इंटरचेंज
- समय की बचत और यात्रा में मिलेगी अतिरिक्त सुविधा

विश्वस्तरीय स्टेशन और सुविधाएँ
- नए स्टेशन: वीआईपी बाज़ार, ऋत्विक घटक, बरूण सेनगुप्ता, बेलेघाटा, दमदम कैंटोनमेंट, जेसोर रोड, जय हिंद विमानबंदर
- आधुनिक सुविधाएँ: लिफ्ट, एस्केलेटर, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय और सुरक्षा व्यवस्था

छह लेन एलिवेटेड कोना एक्सप्रेसवे (NH-12, लंबाई: 7 किमी, लागत: ₹1200 करोड़ से अधिक )
- यातायात जाम और वाहनों द्वारा कार्बन उत्सर्जन में कमी, वायु गुणवत्ता में सुधार
- डायमंड हार्बर, काकद्वीप और बक्खाली जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक पहुँच आसान बनाकर पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा
- NH-16, NH-19, NH-116, NH-2E और NH-34 को जोड़ते हुए क्षेत्रीय यात्रा को सुगम बनाता है

गरिमामयी उपस्थिति

डॉ. सी.वी. आनंद बोस – राज्यपाल, पश्चिम बंगाल
ममता बनर्जी – मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल
अश्विनी वैष्णव – केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
शांतनु ठाकुर – केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री
रवनीत सिंह – केंद्रीय रेल और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
डॉ सुकांत मजूमदार – केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री
सुवेंदु अधिकारी – नेता प्रतिपक्ष, पश्चिम बंगाल विधानसभा
प्रो. सौगत रॉय – सांसद
समीक भट्टाचार्य – सांसद

दिनांक: 22 अगस्त, 2025 | स्थान: दम दम, कोलकाता, पश्चिम बंगाल | समय: अपराह्न: 4:30 बजे

DD NEWS डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को लाइव देखें

भारतीय रेल
www.indianrailways.gov.in

हमें फॉलो करें /RailMinIndia